# चंदनपुर के वीर महाप्रभु | By B.R.Nagina

चंदनपुर के वीर महाप्रभु
तुम से जग है उजियारा
धर्म ध्वजा फहराया ऐसा
गूँज उठा है ये जग सारा
चंदनपुर के वीर ........

सबको धर्मामृत पिलवाया
शिव मारग दिखलाया है
तमोशरण में जो कोई आया
उसका मान बढ़ाया है
हे प्रभु तुम मुक्ति के दाता
वीर प्रभु बस एक सहारा
चंदनपुर के वीर ........

सब जीवों से प्रेम बढ़ाया
राग द्वेष सब छुड़वाया
शांति जिनेश्वर जय हो तेरी
सत्य मार्ग प्रभु दिखलाया
तारण तरण हरण दु:ख संकट
भव से तुमने पार उतारा
चंदनपुर के वीर ........

श्रद्धा सुमन चढ़ाऊँ निशदिन
ध्यान चरण का मैं धारूँ
चरणों में महावीर प्रभु के
मैं अपना तन मन वारु
भगवन तुम हो रूप सरोवर
महा मनोहर रूप तुम्हारा
चंदनपुर के वीर ........

रवि शशि तुमसे ज्योति पाते
ज्ञान उदय फैलाते हैं
सुर किन्नर गंधर गुण गाते
योगी ध्यान लगाते हैं
रोम रोम में तेज तुम्हारे
चमक रहे ज्यूँ नभ का तारा
चंदनपुर के वीर ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%a8%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-by-b-r-nagina/